सांवरे से कहना हमें भी बुला ले

जाके उनसे ये कहना मेरा इतना है कहना,
जाने वाले ओ जाने वाले,
सांवरे से कहना हमें भी बुला ले ,
जाने वाले......

हमने काटी है रतिया जाग जाग कर,
लिखी सौ सौ चिट्ठियां हमने सांवरे के नाम पर,
एक अरु चिट्ठी कर दे श्याम के हवाले,
जाने वाले......

याद आती है वो गलियां खाटू धाम की,
वो चेहरा नूरानी उसका गूँज उसके नाम की,
याद करते हैं उसे दिल से दिलवाले,
जाने वाले......

कहना राज को बुला ले अपने पास में,
नाम मेरा भी लिख ले अपने ही दास में,
मेरा भी प्रणाम कहना जब तू विदा ले,
जाने वाले......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/30732/title/sanwre-se-kehna-hume-bhi-bula-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |